# अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह
# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

कमांक : 285 दिनांक : 21/12/2020

प्रति,

प्राचार्य / संस्था प्रमुख

____________________

____________________

विषय : अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह, ग्वालियर में आयोजित की जा रही अखिल भारतीय विविध प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्था दल भेजने विषयक।

महोदय / महोदया,

प्रसन्नता का विषय है कि जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 15 एवं 16 जनवरी 2021 को मनाये जाने वाले महाकवि भवभूति समारोह के उपलक्ष में **भवभूति के महावीरचरितम्** पर केन्द्रित विद्यालयीन, महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताओं का on line आयोजन दिनांक 12 एवं 13 जनवरी 2021 को किया जा रहा है। इस आयोजन में निम्नलिखित 05 प्रतियोगिताऐं होंगी। जिनके विषय, समय तथा पुरस्कारों का विवरण अधोलिखित है–

**प्रतियोगिताऐं**

1. **हिन्दी / संस्कृत निबन्ध लेखन प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितम् में वीर रस''
2. **सस्वर श्लोक पाठ प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितम्'' से
3. **संस्कृत भाषण प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितानुसारं संघर्षेण ईश्वरत्वम्''
4. **हिन्दी भाषण प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितम् के अनुसार संघर्ष से ईश्वरत्व''
5. **हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता** — विषय : ''महावीरचरितम् का कथानक मौलिक है'' (पक्ष एवं विपक्ष)

| प्रतियोगिता स्तर | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| 1. विद्यालयीन प्रतियोगिताऐं | 12.01.2021 | प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक |
| 2. महाविद्यालयीन प्रतियोगिताऐं | 12.01.2021 | प्रातः 10:00 बजे से अपरान्हः 01:00 बजे तक |
| 3. विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताऐं | 13.01.2021 | दोपहर 01:00 बजे से 05:00 बजे तक |

**प्रत्येक प्रतियोगिता में दी जाने वाली पुरस्कार राशि**

| स्तरानुसार | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|
| 1. विश्वविद्यालय स्तर पर | 700 / – | 500 / – | 300 / – |
| 2. महाविद्यालय स्तर पर | 500 / – | 300 / – | 200 / – |
| 3. विद्यालय स्तर पर | 500 / – | 300 / – | 200 / – |

अतः आपसे अनुरोध है कि इन सभी प्रतियोगिताओं हेतु अपनी संस्था से प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु दो–दो छात्र / छात्राओं का दल भेजने की व्यवस्था करें। एक छात्र अधिकतम दो प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेगा। सभी प्रतिभागी छात्र / छात्राओं की सूचना दिनांक 06 जनवरी 2021 तक करना अनिवार्य है। बाहर से आने वाले छात्रदल की सदस्य संख्या (पुरूष / महिला) तथा आने–जाने के ट्रेन अथवा बस के नाम व समय की सूचना पत्र प्राप्ति के पश्चात आवास एवं भोजन की व्यवस्था जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी। सभी छात्र दलों के मार्ग व्यय की व्यवस्था सम्बद्ध विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्था द्वारा की जावेगी। विभिन्न स्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु सम्बन्धित सम्पर्क सूत्र से सम्पर्क किया जा सकता है।

धन्यवाद,

भवदीय

(डॉ० एस० के० द्विवेदी)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

स्थान : गालव सभागार, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
संलग्न : विधावार प्रतियोगिताओं के नियम

सम्पर्क सूत्र :
1. डॉ० मनीष खेमरिया, प्राध्यापक, म०ल०बा० महाविद्यालय, 9575904654 (संयोजक)
2. डॉ० बालकृष्ण शर्मा, शास० संस्कृत महाविद्यालय, 9329682142 (विश्वविद्यालयीन स्तरीय प्रतियोगिता)
3. डॉ० कृष्णा जैन, के०आर०जी० कॉलेज, 9425407155 (विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता)
4. डॉ० विकास शुक्ल, माधव महाविद्यालय, 9425773153 (महाविद्यालयीन स्तरीय प्रतियोगिता)
5. डॉ० विष्णु नारायण तिवारी, 9452754257 (विद्यालयीन स्तरीय प्रतियोगिता)

e-mail : dswju2016@gmail.com, bhavabhooti@gmail.com

# प्रतियोगिताओं के नियम

## हिन्दी/संस्कृत निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकते हैं।
2. प्रतियोगी को निबन्ध लिखने के लिये अधिकतम एक घण्टे का समय दिया जायेगा।
3. निबन्ध लेखन में विषय वस्तु, अभिव्यक्ति की शैली, व्याकरण शुद्धता एवं समग्र प्रभाव देखा जायेगा।
4. निबन्ध हिन्दी अथवा संस्कृत में ही होना चाहिये।

## संस्कृत सस्वर श्लोक पाठ प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकेंगे।
2. श्लोक पाठ प्रतियोगिता के लिये अधिकतम 04 मिनिट का समय दिया जायेगा।
3. श्लोक पाठ कंठस्थ होने चाहिये एवं किसी भी रूप में श्लोक पाठ पढ़ा नहीं जाना चाहिये।
4. श्लोक पाठ में संगीत ज्ञान अनिवार्य नहीं है।

## संस्कृत भाषण प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकेंगे।
2. संस्कृत भाषण के लिये अधिकतम 05 मिनट का समय दिया जायेगा।
3. वक्ता के विचार संस्कृत भाषा में ही हों एवं किसी भी रूप में पठितांश वर्जित होगा।
4. वक्ता को किसी जाति, धर्म, भाषा, सम्प्रदाय एवं व्यक्ति विशेष पर आक्षेप करने का अधिकार नहीं होगा।

## हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकेंगे। एक प्रतिभागी पक्ष में व दूसरा विपक्ष में बोलेगा।
2. प्रत्येक वक्ता को बोलने के लिये अधिकतम 05 मिनट का समय दिया जायेगा।
3. वक्ता के विचार केवल हिन्दी भाषा में ही मान्य होंगे।
4. वक्ता को किसी जाति, धर्म, भाषा, सम्प्रदाय एवं व्यक्ति विशेष पर आक्षेप करने का अधिकार नहीं होगा।

## हिन्दी भाषण प्रतियोगिता

1. प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विद्यालय से दो प्रतियोगी भाग ले सकेंगे।
2. वक्ता को बोलने के लिये अधिकतम 05 मिनट का समय दिया जायेगा।
3. वक्ता के विचार केवल हिन्दी भाषा में ही मान्य होंगे।
4. वक्ता को किसी जाति, धर्म, भाषा, सम्प्रदाय एवं व्यक्ति विशेष पर आक्षेप करने का अधिकार नहीं होगा।

# अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह
# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

छाया चित्र

संस्था प्रमुख द्वारा प्रमाणित

## प्रतिभागिता प्रपत्र

1. प्रतिभागी छात्र/छात्रा का नाम ------------------------------
2. पिता/पति का नाम ------------------------------
3. कक्षा ------------------------------
4. संस्था का नाम ------------------------------
5. संस्था का पता ------------------------------
6. संस्था का दूरभाश तथा ई-मेल ------------------------------
7. दल प्रभारी का नाम एवं मो0 नं0 ------------------------------
8. प्रतियोगिता का नाम ------------------------------
------------------------------
------------------------------
9. आगमन दिनांक व ट्रेन/बस का नाम व समय ------------------------------
------------------------------
10. प्रस्थान दिनांक व ट्रेन/बस का नाम व समय ------------------------------
11. प्रतिभागी के हस्ताक्षर ------------------------------

प्रमाणित किया जाता है कि छात्र/छात्रा ------------------------------ इस संस्था का नियमित विद्यार्थी/विद्यार्थिनी है।

दिनांक : ............................

प्रमाणीकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर
एवं पद मुद्रा